कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः–एफ 3/लेखा/16–17/ 5102-22 दिनांक : 6/01/17

ऑनलाईन अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 25/16–17

नगर विकास न्यास, कोटा की ओर से न्यास में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्त शासी विभागो के अन्तर्गत "एए" तथा "ए" क्लास संवेदकों से **निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से** कुल 05 कार्यों हेतु ऑन लाईन **निविदाएँ आमंत्रित** की जाती है।

उक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in, https:// sppp.rajasthan.gov.in, http://urban.rajasthan.gov.in** एवं नगर विकास न्यास, कोटा की वेबसाईट **https://www.uitkota.org** पर देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता,
नगर विकास न्यास, कोटा

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

Part	निविदा की क्र0सं0	ऑनलाईन निविदा विक्रय/अपलोड/डाउनलोड/प्राप्ति तिथि	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
A	1 से 5	09-01-17 प्रातः 9.30 से 19-01-17 सायं 6.00 बजे तक	20-01-17 को सायं 4.00 बजे

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :–

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	खण्ड
	PART-"A" (अल्पकालीन)				
1.	रंगपुर रोड पर भदाना रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के कारण नई पाईप लाईन आपूर्ति, जोड़ने एव बिछाने का कार्य	48.68	2500.00	3 माह	जल II
2.	सुभाष नगर में नाली निर्माण के कारण नई पाईप लाईन आपूर्ति, जोड़ने एवं बिछाने का कार्य	11.13	1500.00	2 माह	जल II
3.	श्रीनाथपुरम, आर0के0 पुरम, विवेकानन्द नगर, टैगोर नगर एवं बालाजी मार्केट इत्यादि पेयजल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं सुरक्षा का कार्य	6.09	1000.00	6 माह	जल II
4.	सुभाष नगर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, बालाजी नगर, ट्रॅांसपोर्ट नगर, आरोग्य नगर, राजीव गाँधी नगर इत्यादि पेयजल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं सुरक्षा का कार्य	5.46	1000.00	6 माह	जल II
5.	गणेश नगर, विनोबा भावे नगर, अजय आहूजा नगर, अजय आहूजा नगर विस्तार एवं (जी+2) इत्यादि पेयजल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं सुरक्षा का कार्य	5.40	1000.00	6 माह	जल II

नोटः–

1. निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. समस्त कार्यों के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर न्यास में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा ½% राशि एवं अन्य विभागों में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2% राशि जमा करानी होगी।
3. तकनीकी बिड हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक दस्तावेज ही संलग्न करें। अनावश्यक दस्तावेज संलग्न न करें।
4. ऑनलाईन निविदा हेतु धरोहर राशि व निविदा शुल्क का का डी0डी0 "सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा" के नाम से ऑन लाईन निविदा फार्म विक्रय/डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद का डी0डी0 मान्य नही होगा। धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं Online Bid submission confirmation form निविदा खुलने की तिथि दोपहर 1.00 बजे तक, न्यास में प्रस्तुत करने होंगे।
5. ऑनलाईन निविदा के लिए प्रोसेसिंग शुल्क रू0 50.00 लाख से कम की निविदा पर रू0 500/– एवं रू0 50.00 लाख या उससे अधिक की निविदा की स्थिति में रू0 1000/– का डी0डी0 "**MD, RISL, Jaipur**" के नाम देय होगा। ।
6. उक्त निविदा न्यास की वेबसाईट www.uitkota.org पर भी देखी जा सकती है।
7. प्रथम तीन न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि को रोकते हुए शेष सभी संवेदकों को धरोहर राशि सात दिवस के अंदर लौटाई जावेगी तथा द्वितीय व तृतीय न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि कार्यादेश जारी होने के 10 दिवस पश्चात या निविदा वैधता तिथि पश्चात् (दोनो में से जो भी पहले हो) लौटाई जायेगी।
8. राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम–2009 के सम्बन्ध मे जारी अधिसूचना दिनांक 30.4.09 के अनुसरण मे न्यास द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के रनिंग/अंतिम बिलों के भुगतान पर 1% श्रम उपकर (L. Cess) भी देय होगा।
9. धरोहर राशि के रूप मे रू0 10.00 लाख तक डी0डी0/बैंकर्स चैक स्वीकार किये जावेंगे। धरोहर राशि रू0 10.00 लाख से अधिक होने पर राशि रू0 10.00 लाख का डी0डी0/बैंकर्स चैक व शेष राशि बैंक गारण्टी (कोटा मुख्यालय पर देय हो) के रूप मे प्रस्तुत की जा सकती है।
10. निविदा में प्रस्तुत दर प्रचलित बी.एस.आर., जिस पर निविदा आधारित है, से जितनी प्रतिशत कम आयेगी उतनी राशि की बैंक गारण्टी/डी0डी0 विभाग में कार्यादेश जारी करने से पूर्व जमा करानी होगी। जो वास्तविक कार्य पूर्णता तिथि से 28 दिन बाद कार्य संतोषजनक होने पर लौटाई जावेगी।
11. निविदा में भाग लेने वाले सभी संवेदको/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि वह निविदा में सम्मिलित होने से पूर्व, यह सुनिश्चित कर लें कि वे निविदा के अनुरूप उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत है या नही। उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत नही पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त करने/निविदा निरस्त करते हुए जमा राशि जब्त करने का प्रावधान नगर विकास न्यास, कोटा में निहित रहेगा।
12. उपरोक्त निविदाओ को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को रहेगा।

अधिशाषी अभियंता,
नगर विकास न्यास, कोटा